स्थापना : 2011 !! श्री आदिनाथाय नमः !! रजिस्ट्रेशन नं. : 6/ट्रस्ट/उदय/2013

ADINATH DIGAMBER JAIN DASHA NAGDA CHAIRITABLE TRUST

आदिनाथ दिगम्बर जैन दशा नागदा चेरिटेबल ट्रस्ट

मु.पो. चावण्ड, तह. सराड़ा, जिला - उदयपुर (राज.)
केन्द्रीय कार्यालय - उदयपुर (राज.)
मो. 9414872329, 9983314025, 9828138469

क्रमांक : दिनांक 11-10-2017

श्रीमान उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मंडल,उदयपुर

1540
12/10/2017

विषय :-बालिका विधालय एवं छात्रावास हेतु भूमी आवंटन बाबत ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारे समाज की संस्था आदिनाथ दिगम्बर जैन दशा नागदा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निर्णय लिया गया है कि समाज की बालिकाओं को शिक्षा में प्रोत्साहन देने हेतु विधालय एवं छात्रावास का निर्माण किया जाना है ।

इस हेतु उदयपुर शहर के गावेर्धन विलास क्षैत्र में एक भूखण्ड की आवश्यकता है अतः श्रीमान से निवेदन है कि जन हित एवं बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन हेतु 2000 से 3000 वर्ग मीटर भूखण्ड रियायती दर पर ट्रस्ट को आवंटन की अग्रिम कार्यवाही कराना फरमावे ।

राजस्थान के नगरीय क्षैत्रों में भूमी आवंटन नीति-2015 के निर्देशानुसार आवश्यक प्रपत्र एवं 5000/पांच हजार रूपया का डी.डी. संलग्न करा आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

सादर ।

अध्यक्ष
(नन्द लाल जैन)

Pl. put up
12/10/17

EM
AHO
12/10/17

अध्यक्ष महामंत्री कोषाध्यक्ष

चेरिटेबल,सामाजिक,धार्मिक संस्थाओं/संगठनों/सोसायटी को आवंटन हेतु

प्रार्थना–पत्र

1. संस्था/संगठन का नाम – श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन दशा नागदा चेरिटेबल ट्रस्ट
2. प्रार्थी का नाम (अधिकृत हस्ताक्षर कर्ता) – श्री नन्द लाल जैन
3. डाक पता,मोबाईल नं. व मेल आई.डी 16–लखारा चौक,हकीम सा की हवेली,उदयपुर
4. भूमी आवंटन का उद्धेश्य – बालिकाओं के लिए विधालय एवं छात्रावास निर्माण कराना
5. चाहे गये क्षैत्रफल का विवरण – 2000 वर्ग मीटर
6. भूमी का क्षैत्रफल (वर्ग मीटर में) – 2000 वर्ग मीटर
7. प्रोजेक्ट रिपोर्ट का सारांश (संस्थान,अनुमानित निवेश,निर्मित होने वाला क्षैत्रफल व समाज को होने वाले लाभों का विवरण)

प्रस्तावित योजना संलग्न है, योजना अनुसार 19080 वर्ग फीट क्षैत्रफल निर्मित किया जायगा तथा जिस पर लगभग 2 करोड रूपया निवेश होगा ।

समाज को होने वाला लाभ

ग्रामीण क्षैत्र की बालिकाएं जो शहर में आवास की सुविधा नही होने से उच्च शिक्षा प्राप्त नही कर सकती है उनके लिए विधालय एवं छात्रावास का निर्माण किया जायगा जिससे बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा तथा समाज शिक्षित होगा ।

8. संस्थान को राज्य सरकार द्वारा पूर्व में आवंटित भूमी का विवरण – **नही**
9. संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज
   1. रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र – संलग्न
   2. बाईलांज/रेग्युलेशन्स –संलग्न
   3. गत तीन वर्षो की आंडिट रिपोर्ट व लेलेन्स शीट– संस्थान प्रारंभिक अवस्था में है अतः बैंक खाता के स्टेमेन्ट एवं पास बुक की छाया प्रति संलग्न है ।
   4. संस्थान का भूमी आवंटन के लिए लिया गया प्रस्ताव जिसमें अधिकृत हस्ताक्षर कर्ता जो आवंटन हेतु आवेदन करेगा,उसका उल्लेख हो । – संलग्न है
   5. प्रोजेक्ट रिपोर्ट(चाही गई भूमीं पर बनने वाले प्रोजेक्ट बाबत मुख्य विवरण) –संलग्न है
   6. रूपये 5000/–(पांच हजार रूपये) का बैंक का डी.डी./पे–आर्डर जो सम्बन्धित शहरी निकाय के सचिव/अधिशाषी अधिकारी/मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नाम हो) संलग्न है ।

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सूचनाएं मेरी जानकारी व विश्वास के अनुसार सत्य है व कुछ भी नही छुपाया गया है । संस्थान/कम्पनी/आवेदन कर्ता आवंटन की शर्तो की अवहेलना करने पर आवंटन करने वाला शहरी निकाय (urban body) आवंटन निरस्त करने,भवन,भूमी पर बने अन्य निर्माण को कब्जे में लेने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

दिनांक– 06.10.2017
स्थान–उदयपुर
नाम व पद–नन्द लाल जैन,अध्यक्ष

अधिकृत हस्ताक्षर कर्ता

स्थापना- 2011 !! श्री आदिनाथाय नमः!! रजि.नं. 6/ट्रस्ट/उदय/2013

ADINATH DIGAMBER JAIN DASHA NAGDA CHARITABLE TRUST

आदिनाथ दिगम्बर जैन दशा नागदा चेरिटेबल ट्रस्ट

मु.पो. चावण्ड, तह. सराड़ा, जिला उदयपुर (राज.) 313904

केन्द्रीय कार्यालय : 291, बी-ब्लॉक, सेक्टर-14, उदयपुर (राज.) 313 001

परम संरक्षक : सेठ श्री माणक चन्द जी मलावत

नन्दलाल जैन	किस्तुर चन्द बोहरा	भंवरलाल मुण्डलिया
अध्यक्ष	कोषाध्यक्ष	महामंत्री
मो.: 9414872329	मो.: 9828438469	मो.: 9983314025

क्रमांक : दिनांक : 19-06-2023

पत्र प्राप्ति क्र० 378 दि० 20/6/2023

उप अवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त–उदयपुर

विषय :– बालिका विधालय हेतु रियायती दर पर भूमी आवंटन बाबत !

प्रसंग :– आपका पत्र कमांक :–उप आ.आ./वृत्त उदयपुर/2023–24/350
दिनांक 25/5/2023

महोदय,

निवेदन है कि ट्रस्ट द्वारा 2017 से बालिका विधालय हेतु रियायती दर पर भूखण्ड आवंटन हेतु पत्रावली आपके विभाग को प्रेषित की गई थी । प्रासगिक पत्र द्वारा पत्रावली में निम्न वांछित सूचना चाही गई है जिसकी निम्नानुसार पूर्ति कर ली गई है :–

1– संस्था द्वारा भूमी आवंटन हेतु प्रस्तुत दस्तावेंज पर अधिकृत व्यक्ति द्वारा मूहर सहित सत्यापित किया गया है ।

2– संस्था द्वारा प्रारंभिक कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 तक विधालय खोला जाना प्रस्तावित है, बद में विधालय को कमोन्नत की कार्यवाही की जायगी उच्च माध्यमिक विधालय तक प्रस्तावित है ।यह विधालय असहाय एवं निर्धन परिवारों की छात्राओं हेतु निःशुल्क रहेगा जिसका व्यय ट्रस्ट वहन करेगा ।

3– संस्था द्वारा भूमी आवंटन हेतु लिया गया प्रस्ताव जिसमें अधिकृत हस्ताक्षर कर्ता जो आवेदन करेगा,उनके नाम का उल्लेख कर दिया है !

4– संस्था द्वारा भूमी आवंटन हेतु,प्रस्तुत विधान मे दिये गये उद्धेश्यों के बिन्दु संख्या 2 में समाज को शिक्षित करने विधालय खोलने का उल्लेख किया गया है ।

5– ट्रस्ट द्वारा सभी कार्य जन हित एवं निर्धन असहाय हेतु किये जा रहे है,ट्रस्ट द्वारा वर्तमान में भोजन शाला भी संचालित है जिसमें जरूरत मन्दो को बिना लाभ के भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है तथा गरीब परिवारों की छात्राओं का छात्रवृत्ति एवं अन्य सहायता प्रदान की जा रही है राज्य सरकार द्वारा रियायती दर पर भूमी आवंटन की जाती है ता ट्रस्ट बालिका शिक्षा हेतु और अधिक योजनाऐ संचालित करेगा ।

परियोजना रिपोर्ट एवं लेखों का विवरण नवीन संलग्न है तथा उक्तानुसार प्रपत्र–अ में आवश्यक दस्तावेज सहित नया आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है कृप्या ट्रस्ट को बालिका विधालय हेतु रियायती दर पर भूमी आवंटन कराने की अग्रिम कार्यवाही करा अनुग्रहित करावे !

सादर !

अध्यक्ष

आदिनाथ दि... चावण्ड

अध्यक्ष

चेरिटेबल,सामाजिक,धार्मिक संस्थाओं /संगठनों/सोसायटी को आवंटन हेतु प्रार्थना पत्र

1– संस्था /संगठन का नाम – **आदिनाथ दिगम्बर जैन दशा नागदा चेरिटेबल ट्रस्ट**

2– प्रार्थी का नाम (अधिकृत हस्ताक्षर कर्ता)

श्री नन्द लाल जैन (अध्यक्ष) --9414872329

श्री भूरी लाल जैन (मंत्री) – 9982287611

3– डाक का पता,टेलिफोन नं. एवं मेल आई डी

119–सर्वऋतु विलास उदयपुर (राजस्थान) मो.नं. 9414872329

मेल आई डी– bl.jain158@gmail.com

4– भूमी आवंटन का उद्धेश्य

निर्धन असहाय परिवार की बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने हेतु **बालिका विधालय** संचालित करना ।

5– चाहे गये क्षैत्रफल का विवरण (यदि कोई हो तो) (मंडल की योजना का नाम)

राजस्थान आवासन मंडल द्वारा संस्थाओं को आवंटित करने हेतु गोवर्धन विलास योजना में आरक्षित भूमी ।

6– भूमी का क्षैत्रफल (वर्ग मीटर में)

2000 वर्ग मीटर

7– प्रोजेक्ट रिपोर्ट का सारांश (संस्थान अनुमानित निवेश,निर्मित होने वाला क्षैत्रफल व समाज को होने वाले लाभों बाबत संक्षिप्त विवरण)

प्रस्तावित योजना संलग्न है,योजना अनुसार 19080 वर्ग फीट क्षैत्रफल निर्मित किया जायगा तथा जिसके निर्माण पर लगभग 2.5 करोड़ रूपया व्यय करने का प्रावधान है ।

समाज एवं अन्य निर्धन,असहाय परिवारों की बालिकाएं जो शिक्षा प्राप्त नही कर पा रही है ऐसी बालिकाओं के लिए बालिका विधालय की स्थापना करना तथा ऐसी बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना जो कि ट्रस्ट का मुख्य उद्धेश्य है ।

8– संस्थान को राज्य सरकार द्वारा पुर्व में आवंटित भूमी का विवरण :–

संस्थान को राज्य सरकार द्वारा पुर्व में भूमी का आवंटन नही किया गया है ।

9– संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज

1. रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र – संलग्न कर दिया है
2. बाईलाज/रेगुलेशन – ट्रस्ट के विधान की प्रति संलग्न है
3. गत तीन वर्षो की आंडिट रिपोर्ट व बेलेन्स शीट – संलग्न है

आदिनाथ दिगम्बर जैन दशा नागदा चेरिटेबल ट्रस्ट
चावण्ड (उदयपुर)

अध्यक्ष

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर

राजस्थान सरकार

सत्यमेव जयते

पंजीयन प्रमाण-पत्र

एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि नीचे वर्णित सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 (1959 का 42) के अधीन सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर के कार्यालय में आज के दिन यथावत रजिस्ट्रीकृत कर लिया गया है। सार्वजनिक प्रन्यास का नाम आदिनाथ दिगम्बर जैन दशा नागदा चेरिटेबल ट्रस्ट सार्वजनिक प्रन्यास के रजिस्टर में संख्या 6/ट्रस्ट/उदय/2013 प्रमाण पत्र श्री भँवर लाल जैन, अध्यक्ष को जारी किया गया।

मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 16 माह 04 सन् 2013 को दिया गया।

(डॉ. प्रियंका भट्ट)

सहायक आयुक्त

देवस्थान विभाग, उदयपुर

आदिनाथ दिगम्बर जैन दशा नागदा चेरिटेबल ट्रस्ट
चावण्ड (उदयपुर)
अध्यक्ष

गोल माहर